शुक्रवार
10 फरवरी, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



काम दिलाने का वादा और पैसे के विवाद में की गयी थी प्रोफेसर दंपती की हत्या 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक









**मेडल लाओ, नौकरी पाओ- मुख्यमंत्री:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पाटलिपुत्रा खेल परिसर में 18वीं राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स, 2023 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि बिहार में पहली बार राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सभी राज्यों के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आये हैं। उन्होंने कहा कि यह विश्व की सबसे बड़ी बुनियादी स्तर पर प्रतिभा खोज अभियान है। भविष्य के लिए खिलाड़ी तैयार करने का यह जरिया है। अब राज्य सरकार की तरफ से ऐसी और प्रतियोगितायें आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए जो भी मदद की जरुरत होगी राज्य सरकार अपने स्तर से करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से 6000 खिलाड़ी इसमें भाग ले रहे हैं। बिहार के भी 600 खिलाड़ी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। बिहार में खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार प्रयास कर रही है। हमलोग चाहते हैं कि स्कूल एवं कॉलेजों में पढ़नेवाले छात्र - छात्राएं पढ़ने के साथ-साथ खेलें भी। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि बिहार में प्रखंड स्तर पर स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। 221 स्टेडियम बनकर तैयार हो गया है बाकी पर काम जारी है। हम चाहते हैं कि सभी स्टेडियम जल्द से जल्द बनकर तैयार हो जाएं। राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को ट्रेनिंग के लिए बाहर भी भेजा जा रहा है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए विदेशों से भी प्रशिक्षकों को बुलाया जा रहा है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ियों को बिहार खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। इसके तहत नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। इसके तहत अब तक 226 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने निर्णय ले लिया है कि आनेवाले दिनों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को बिहार प्रशासनिक सेवा बिहार पुलिस सेवा या समकक्ष में सीधे नौकरी देंगे। मेडल लाओ, नौकरी पाओ इस प्रतियोगिता में शामिल होनेवाले सभी खिलाड़ियों को मैं शुभकामनाएं देता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। आप सभी खिलाड़ी देश दुनिया में अपना नाम रौशन कीजिए एवं आगे बढ़िये ।

## खबरें फटाफट

### महिलाएं मस्जिद में पढ़ सकती हैं नमाज

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि महिलाएं चाहें तो मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ सकती हैं। इस्लाम में महिलाओं के मस्जिदों में नमाज पढ़ने पर कोई मनाही नहीं है, बशर्ते वे पुरुष नमाजियों के बीच या उनके साथ न बैठें। अगर किसी मस्जिद कमेटी ने इसके लिए अलग जगह निर्धारित की है तो महिलाएं वहां जा सकती हैं।

### सड़क हादसे में सात स्कूली बच्चों की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के कोरर के पास भीषण सड़क हादसे में 7 स्कूली बच्चों की मौत हो गई है। स्कूल की छुट्टी होने के बाद ऑटो चालक 8 बच्चों को लेकर जा रहा था, तभी एक ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। बच्चे बीएसएनएन डिजिटल पब्लिक स्कूल में पढ़ते थे। हादसा कोरर के चिलहटी चौक के पास हुआ।

### भीषण अग्निकांड में चार बच्चे जिंदा जले

**अंब।** हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के उपमंडल अंब में बुधवार रात भीषण अग्निकांड में 4 बच्चे जिंदा जलकर मर गए। बिहार में दरभंगा के रहनेवाले रामदेई व रमेश दास के बच्चे थे। परिवार अंब में मजदूरी करता है।

**पीएम नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में पूर्ववर्ती सरकार पर जमकर हमला बोला**

# देश देख रहा है कि एक अकेला कितनों पर भारी पड़ रहा है: मोदी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपना संबोधन दिया। प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार की योजनाओं से लेकर विकास के मुद्दे तक पर अपनी बात रखी। इस बीच, प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार की तमाम योजना का जिक्र करते हुए कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधा। अपने संबोधन की शुरुआत में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन में हंगामा कर रहे विपक्षी सांसदों पर तंज कसा। प्रधानमंत्री ने कहा, सदन में जो भी बात होती है, उसे देश गंभीरता से सुनता है और गंभीरता से लेता है। लेकिन ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोगों की वाणी न सिर्फ सदन को, बल्कि देश को निराश करने वाली है। पीएम ने आगे कहा, 'इस प्रकार की प्रवृत्ति के सदस्यों को यही कहूंगा कि कीचड़ उसके पास था, मेरे पास गुलाल। जो भी जिसके पास था, उसने दिया उछाल। जितना कीचड़ उछालोगे, कमल उतना ज्यादा खिलेगा। विपक्ष की नारेबाजी पर छाती ठोंकते हुए कहा, 'भारत के सपने पूरे करने के लिए हम संकल्प लेकर चल रहे हैं। देश देख रहा है कि एक अकेला कितनों पर भारी पड़ रहा है। नारे बोलने के लिए भी इनको साथ होना पड़ रहा है। मैं घंटे भर से बोल रहा हूं। देश के लिए जीता हूं और मरता हूं।



### यह देश किसी परिवार की जागीर नहीं

पीएम मोदी ने देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरु का जिक्र करते हुए गांधी परिवार पर बड़ा हमला किया। कहा, 600 से ज्यादा योजनाएं गांधी-नेहरू के परिवार के नाम पर हैं। अगर किसी कार्यक्रम में नेहरू जी का नाम नहीं प्रयोग हुआ तो कुछ लोगों का खून गर्म हो जाता था, लेकिन मुझे ये समझ नहीं आता कि उनकी पीढ़ी का कोई व्यक्ति नेहरू सरनेम रखने से डरता क्यों है। क्या शर्मिंदगी है नेहरू सरनेम रखने में। इतना बड़ा महान व्यक्ति आपको और आपके परिवार को मंजूर नहीं है और आप हमारा हिसाब मांगते हो। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, यह जन-जन की पीढ़ियों से बना देश है। यह देश किसी परिवार की जागीर नहीं। प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी का जिक्र करके भी गांधी परिवार पर हमला किया। बोले, 'जो लोग आज विपक्ष में बैठे हैं। उन्होंने राज्यों के अधिकारों को घज्जियां उड़ा दीं। मैं कच्चा-चिट्ठा खोलना चाहता हूं। वो लोग कौन थे, जिन्होंने आर्टिकल 356 का दुरुपयोग किया? वे लोग कौन हैं, जिन्होंने यह किया और चुनी हुई सरकारों को गिरा दिया। एक प्रधानमंत्री ने आर्टिकल 356 का 50 पर प्रयोग किया, वह नाम है इंदिरा गांधी।'

### वोट नहीं था इसलिए कांग्रेस ने नॉर्थ-ईस्ट में बिजली नहीं पहुंचाई

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कि नॉर्थ ईस्ट के गांवों में बिजली नहीं थी। दूरदराज के गांव थे, नॉर्थ ईस्ट के गांव थे। पहाड़ी गांव थे। इनके वोट बैंक नहीं थे इसलिए कांग्रेस सरकार ने यहां बिजली पहुंचाने पर ध्यान नहीं दिया। हमने कहा कि हम मक्खन नहीं, पत्थर पर लकीर खींचेंगे। हमने 18 हजार गांवों में बिजली पहुंचाई। मोदी ने आगे कहा, 'पहले की सरकारों में कुछ घंटे बिजली आती थी। पहले गांव में एक खंबा गाड़ देते थे तो हर साल उसकी एनिवर्सिरी मनाते थे। हम आज 22 घंटे बिजली देने में सफल हुए हैं। हमने लोगों को उनके भाग्य पर नहीं छोड़ा। राजनीतिक फायदे-घाटे की बात नहीं सोची। देश का कल उज्ज्वल बनाने का रास्ता चुना। पीएम ने कहा, किसानों के लिए पहले क्या नीति थी? ऊपर के कुछ वर्ग को संभाल लेना और उन्हीं से अपनी राजनीति चलाना ही लक्ष्य था। छोटे किसान उपेक्षित थे, उनकी आवाज कोई नहीं सुनता था। हमारी सरकार ने छोटे किसानों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्हें बैंकिंग से जोड़ा और आज साल में तीन बार किसान सम्मान निधि उनके खातों में जमा होती है।

# सूदखोरों से व्यापारियों को मुक्ति दिलाने के लिए सपा लड़ेगी लड़ाई : अखिलेश यादव

**केटी न्यूज/बलिया**

बलिया दौरे पर आए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को मृतक व्यवसायी नंदलाल गुप्ता के परिजनों सहित अन्य व्यापारियों से मुलाकात की। जिले में तेजी से बढ़ रही सूदखोरी एवं व्यापारियों द्वारा किए जा रहे आत्महत्या को उन्होंने गंभीर विषय बताया। कहा कि समाजवादी पार्टी इसकी लड़ाई जरूर लड़ेगी और सूदखोरों को उनके किए का दंड दिलाकर रहेगी।

उधर, जनपद आगमन के दौरान अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ की तरफ से पूर्व मुख्यमंत्री को चांदी का मुकुट पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया। साथ ही सूदखोरों के चंगुल में फंसे स्वर्णकार समाज के बारे में भी अखिलेश यादव से वार्ता की गई। उन्होंने अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव सुनील सर्राफ को लखनऊ बुलाया और कहा कि लखनऊ में मिलकर इस मुद्दे पर बात करिए। समाजवादी पार्टी की तरफ से आपके समाज को पूरा सम्मान दिया जाएगा। कहा कि बलिया से ही नहीं पूरे प्रदेश से सूदखोरों का अंत करने में समाजवादी पार्टी कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी और व्यापारियों को इस समस्या से निजात दिलाएगी।



मृतक व्यापारी के परिजनों से मिलकर बात करते सपा प्रमुख।




**केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने लोकसभा में दिया जवाब**

# सऊदी में जब गैस के दाम घटेंगे तो देश में भी रेट कम होगा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

आम जनता को लंबे वक्त से इंतजार है कि आखिर कब देश में रसोई गैस के दाम घटेंगे। रसोई गैस की कीमतों में इजाफा से आम जन परेशान है। इस बीच अब इस सवाल का जवाब सरकार ने दिया है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को लोकसभा में इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि अगर इंटरनेशनल मार्केट में गैस के दामों में कमी आती है तो सरकार जल्द ही घरेलू गैस सिलेंडर के दामों को कम करने पर विचार करेगी। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस 750 डॉलर मीट्रिक टन के हिसाब से बिक रहा है।



**गैस सिलेंडर की कीमतों के लिए वैश्विक स्थिति है जिम्मेदार:** देश में घरेलू गैस सिलेंडर के प्राइस के बारे में डीएमके सांसद डॉक्टर वीरास्वामी कलानिधि ने सवाल पूछा था। उन्होंने प्रश्नकाल में पूछा कि भारत में कब गैस के दामों में कमी आएगी। इस सवाल के जवाब में हरदीप सिंह पुरी इंटरनेशनल मार्केट में गैस के दाम कई तरह के फैक्टर्स पर निर्भर करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सरकार ऐसी तैयारी कर रही है जिससे देश में गैस की कमी नहीं होगी। इससे गैस के प्राइस में कटौती करने में मदद मिलेगी।

इसके साथ ही पेट्रोलियम मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार देश की गरीब जनता की मांग के प्रति 'संवेदनशील' है। सऊदी अरब में गैस के दामों में 330 फीसदी से ज्यादा की बढ़त दर्ज की गई है, लेकिन सरकार ने उसकी तुलना में रसोई गैस के दामों में बहुत कम बढ़ोतरी की है। ऐसे में अगर सऊदी अरब में गैस की कीमतों में कमी दर्ज की जाती है तो इसका असर देश में मिलने वाले एलपीजी सिलेंडर पर भी दिखेगा। ऐसी स्थिति में सरकार आम लोगों को सस्ता गैस सिलेंडर देने में समर्थ होगी।

2022 में सरकारी तेल कंपनियों ने घरेलू रसोई गैस के दामों में 150 रुपये के करीब प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की है। वैसे भी महंगे रसोई गैस के लेकर मोदी सरकार पर विपक्ष चौतरफा हमला बोल रहा है। विपक्ष महंगे रसोई गैस को लेकर सवाल उठा रहा है और याद दिला रहा है कैसे 2014 में घरेलू रसोई गैस 414 रुपये प्रति सिलेंडर में मिल रहा था। राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने एक अप्रैल 2023 में 500 रुपये में सिलेंडर देने का वादा किया है।

## खबरें फटाफट

### सेंटर देखने जा रहे परीक्षार्थी की सड़क हादसे में मौत



**आरा।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी बाजार स्थित बागर मोड़ के समीप गुरुवार की सुबह सड़क हादसे में मैट्रिक के एक परीक्षार्थी की मौत हो गयी। मैजिक से टकराने के बाद गिरे परीक्षार्थी को एक ट्रक ने कुचल दिया?। उसमें मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। हादसे में उसका एक दोस्त भी जख्मी हो गया है। मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के इंग्लिशपुर गांव निवासी अर्जुन सिंह का 19 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार था। वहीं जख्मी उसका दोस्त चंदन कुमार है। दोनों परीक्षा सेंटर देखने बाइक से आरा जा रहे थे। इधर, हादसे के बाद लोग आक्रोशित हो गए और रोड पर उतर गये। मुआवजे की मांग को लेकर शव के साथ सड़क जाम कर दिया गया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष निकुंज भूषण पुलिस बल के साथ पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं थे। इस बीच अगिआंव के भाकपा-माले विधायक मनोज मंजिल भी पहुंच गये। उन्होंने एसडीओ और बीडीओ से बात की। उनकी पहल पर अफसरों द्वारा मुआवजे का ठोस आश्वासन दिया गया। तब लोगों का गुस्सा शांत हुआ और आवागमन बहाल किया गया। इस दौरान करीब दो घंटे तक आवागमन ठप रहा था।

**अभिषेक की मौत से पायलट बनने का सपना अधूरा, घर में मचा कोहराम:** इंग्लिशपुर निवासी निवासी अर्जुन सिंह के पुत्र अभिषेक कुमार पढ़ने में काफी तेज और होशियार था। उसका सपना पायलट बनने का था। लेकिन रफ्तार के कहर के कारण उसका सपना अधूरा रह गया। इधर, उसकी मौत से कोहराम मचा है।अभिषेक दो भाइयो और दो बहनों में छोटा था। उसके पिता अर्जुन सिंह किसान हैं। उसके परिवार में मां कमला देवी, दो भाई अभिमन्यु कुमार,प्रेम कुमार, बहन निक्की कुमारी और माया कुमारी है।

**आरा के मॉडल स्कूल में था छात्र का सेंटर:** मृत छात्र अभिषेक के दोस्त चंदन कुमार ने बताया कि 14 फरवरी से मैट्रिक की परीक्षा शुरू हो रही है। उसका सेंटर आरा के मॉडल स्कूल में पड़ा था। वह अपने परीक्षा केंद्र को देखने बाइक से आरा जा रहा था।

# दवा सेवन अभियान में बेहतर सहभागिता के लिए सम्मानित होंगे पंचायत प्रतिनिधि : गौतम

**केटी न्यूज/पटना**

- पंचायती राज मंत्री ने कांफ्रेंसिंग के जरिये राज्य के 30 हजार से ज्यादा प्रखंड प्रमुख, मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्य आदि से किया संवाद
- 10 फरवरी से शुरू हो रहा यह अभियान अगले 14 दिन तक राज्य के 24 जिले में चलेगा



पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम ने कहा है कि सर्वजन दवा सेवन अभियान में बेहतर सहभागिता करने वाले पंचायत प्रतिनिधि जैसे जन प्रतिनिधि को राज्यस्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा। गुरुवार को टेली-कांफ्रेंसिंग के जरिये राज्य के 30 हजार से ज्यादा प्रखंड प्रमुख, मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्य आदि पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद के दौरान उन्होंने ये घोषणा की।

पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम ने फाइलेरिया से बचाव के लिए 10 फरवरी से शुरू हो रहे सर्वजन दवा सेवन अभियान में आम-अवाम से दवा खाने और इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने खास तौर से पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि वे खुद भी दवा खाएं और अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि आगामी 10 फरवरी से शुरू हो रहा यह अभियान अगले 14 दिन तक राज्य के 24 जिले में चलेगा।

पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम ने कहा कि फाइलेरिया घातक बीमारी है और यह लोगों को विकलांग तक बना देता है। इससे बचाव के लिए ही हर साल सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जाता है। इस अभियान में दवा खाने से फाइलेरिया की बीमारी से बचा जा सकता है। इसमें पांच साल में पांच बार दवा खानी होती है। फाइलेरिया रोग के बारे में सही कहा गया है कि इसका इलाज से बेहतर बचाव ही है। आमतौर पर फाइलेरिया के कोई लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते। हालांकि बुखार, बदन में खुजली और पुरुषों के जननांग और उसके आस-पास दर्द व सूजन की समस्या होती है। इसके अलावा पैरों और हाथों में सूजन, हाइड्रोसिल (अंडकोषों की सूजन) भी फाइलेरिया के लक्षण हैं। चूंकि इस बीमारी में हाथ और पैरों में हाथी के पांव जैसी सूजन आ जाती है। वैसे तो फाइलेरिया का संक्रमण बचपन में ही आ जाता है, लेकिन कई सालों तक इसके लक्षण नजर नहीं आते। फाइलेरिया न सिर्फ व्यक्ति को विकलांग बना देती है बल्कि इससे मरीज की मानसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।

### पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण

पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम ने इस बात पर चिंता प्रकट की कि अभी भी समाज में फाइलेरिया मरीज उपेक्षा का शिकार होते हैं। हाथीपांव के कारण हुई शारीरिक विकृति उनकी पहचान बन जाती है। विशेषकर ग्रामीण परिवेश में उन्हें कई स्तर पर उपेक्षित होना पड़ता है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया जैसे गंभीर रोग पर समुदाय को जागरूक करना हम सभी की सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है। पंचायत प्रतिनिधि इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए उन्हें सजगता से योगदान देना होगा। लोगों को इस रोग से बचाव के बारे में बताना होगा।

### अभियान की सफलता के लिए हो रहा हर संभव प्रयास

केयर इंडिया के एनटीडी टीम लीडर विकास सिन्हा ने कहा कि सर्वजन दवा सेवन अभियान को सफल बनाने और हर व्यक्ति को दवा खिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग हर संभव प्रयास कर रहा है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख लोगों की अपील और संदेश इसमें महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। राजनीतिक व्यक्तित्वों की अपील जन-जन में सकारात्मक माहौल बनाने में कारगर हो रही है। कहा कि हाथीपांव फाइलेरिया का सबसे विकराल स्वरूप है। इसकी रोकथाम आसान है। साल में एक बार होने वाले एमडीए-फाइलेरिया में दवा खाने से इसकी रोकथाम संभव है। ऐसा पांच बार पांच साल तक करना होगा।

## आरा पुलिस ने सुलझाई हत्या की गुत्थी, असम के धेमाजी जिले के जोनाई से पकड़ाया कातिल

# काम दिलाने का वादा और पैसे के विवाद में की गयी थी प्रोफेसर दंपती की हत्या

**आरा के चर्चित डबल मर्डर कांड का खुलासा**

- दंपती के घर से लूटे गये जेवरात, 81 सौ रुपए और दोनों मोबाइल बरामद
- हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद आरा से मिला दोनों मोबाइल
- नौकरी लगाने के लिए प्रोफेसर को दिया था पैसे, काम के भी बकाया था रुपया





**केटी न्यूज/आरा**

आरा के चर्चित प्रोफेसर दंपती हत्याकांड का खुलासा हो गया। नौकरी लगाने और पैसे के विवाद में दंपती की हत्या की गयी थी। कातिल की गिरफ्तारी और पूछताछ के बाद हत्या का पूरा राज सामने आया है। पूरी तरह से ब्लाइंड डबल मर्डर मिस्ट्री का पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के जरिए एक सप्ताह में उद्भेदन कर लिया गया है। गिरफ्तार कातिल असम राज्य के धेमाजी जिले के जानाई थाने के जोनाई गांव का तपन डे उर्फ दीपक कुमार है।

एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में उसे मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के बॉर्डर पर स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। बुधवार की रात उसे आरा लाकर पूछताछ की गयी। उसमें उसने दंपती की हत्या की बात भी कबूल कर ली। उसके पास से प्रोफेसर दंपती के घर से लूटे गये पैसे में से 81 सौ रुपए और जेवरात बरामद कर लिया गया है। वहीं उसकी निशानदेही पर दंपती के दोनों मोबाइल व हत्या में इस्तेमाल चाकू भी आरा से बरामद कर लिया गया। भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तपन डे उर्फ दीपक से पूछताछ में यह बात सामने आयी है कि प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद सिंह ने उसे काम देने का वादा किया था। कुछ दिन काम भी किया था। उसका पैसा बकाया था। बार-बार पैसे मांगने पर भी प्रोफेसर साहब उसे पैसे नहीं दे रहे थे। उसी विवाद में 29 जनवरी को उसने प्रोफेसर दंपती की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। उसके बाद प्रोफेसर दंपती के घर के अलमारी में रखे 50 हजार रुपए, सोने का एक कंगन, 12 कान के टॉप्स तीन पीस नाकबुंदी और दंपती के दोनों मोबाइल लेकर भाग गया था। एसपी ने बताया कि घटना का अनुसंधान अभी चल रहा है। उसमें कुछ नये तथ्य भी आ सकते हैं। बता दें कि 29 जनवरी को कतीरा वीर कुंवर सिंह नगर निवासी प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद सिंह और उनकी पत्नी प्रोफेसर पुष्पा सिंह की हत्या कर दी गयी थी।

### पांच सौ से अधिक फुटेज खंगाल कातिल तक पहुंची पुलिस

एसपी ने बताया कि तीस जनवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे प्रोफेसर दंपती की हत्या की खबर मिली। दोनों का शव उनके वीर कुंवर सिंह नगर स्थित फ्लैट में पड़ा था। घर में दोनों अकेले रहते थे। ऐसे में घटना के कारणों की जानकारी नहीं मिल रही थी। तब मामले को गंभीरता से लेते हुए हत्या का खुलासा और कातिल की गिरफ्तारी के लिए एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में स्पेशल टीम गठित की गयी। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे संदिग्ध के अलावा टीम के पास कोई क्लू नहीं था। केस पूरी तरह ब्लाइंड था। ऐसे में टीम ने सीसीटीवी फुटेज व मोबाइल सीडीआर खंगालना शुरू की। उस क्रम में आरा से पटना और पीरो के बीच करीब पांच सौ से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये। करीब छह हजार मोबाइल की सीडीआर का विश्लेषण किया गया। मानवीय सूचना की भी मदद ली गयी। उसके बाद टीम अरुणाचल प्रदेश के बॉर्डर पर स्थित असम में बैठे कातिल तक पहुंच सकी।

### घर के चाकू से ही प्रोफेसर व उनकी पत्नी को बेरहमी से काट डाला

असम निवासी तपन डे उर्फ दीपक ने प्रोफेसर के घर की चाकू से ही दंपती को बेरहमी से काट डाला था। उसके बाद चाकू को धोकर घर में रख दिया था। उसकी निशानदेही पर चाकू बरामद कर लिया गया है।? उससे पूछताछ के बाद एसपी की ओर से यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि 29 जनवरी को तपन डे उर्फ दीपक प्रोफेसर के घर आया था। दोपहर में खाना बनाने के बाद वह पैसे की मांग करने लगा। प्रोफेसर की ओर से फिलहाल पैसे देने से मना कर दिया गया। उससे वह आवेश में आ गया और घर में रखे चाकू से गोद कर दंपती की हत्या कर दी। उस दौरान उसकी प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद सिंह के साथ स्ट्रगल भी हुआ था। उसमें उसे भी काफी चोटें आयी थी। दंपती की हत्या करने के बाद तपन डे उर्फ दीपक ने भागने के दौरान आरा रेलवे स्टेशन के ओवरब्रिज के पास दोनों के मोबाइल को फेंक दिया था। उसकी निशानदेही पर दोनों मोबाइल उस जगह से बरामद कर लिया गया है।

### पटना के एक होटल में काम करता था आरोपी

बताया जा रहा है कि पकड़ा गया दीपक पहले पटना के डाकबंगला चौराहे के पास एक होटल में काम करता था। इस दौरान वह प्रोफेसर महेंद्र के संपर्क में आ गया था। बताया जा रहा है कि प्रोफेसर घर में अक्सर नकदी रखते थे। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि घर पर आने-जाने के क्रम में रेकी करने के बाद घटना को अंजाम दिया है। हत्याकांड के बाद पुलिस ने जांच के क्रम में 31 जनवरी को पटना से दीपक नाम के दूसरे युवक को उठाया था, लेकिन फुटेज से मिलान पर वह कोई और निकला था। इस पर पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ दिया। इधर, प्रतिदिन सफाई करने वाली नौकरानी ललीता देवी से जब पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि 29 जनवरी को वह साढ़े दस बजे आई थी। इसके बाद दोपहर में चली गई थी। हालांकि, वह संदिग्ध उन्हें घर में नहीं दिखा, फिर शाम को आई तो गेट बंद था। इसके बाद वह लौट गई।

### पुलिस टीम को एसपी ने किया पुरस्कृत

प्रोफेसर दंपती हत्याकांड का खुलासा करनेवाली आरा पुलिस की टीम को एसपी प्रमोद कुमार ने पुरस्कृत किया है। सभी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि शाहाबाद रेंज के डीआईजी नवीन चंद्र झा की ओर से भी टीम को अलग से पुरस्कृत किया जाएगा। विशेष टीम में एएसपी के अलावा डीआईयू इंचार्ज शंभू भगत, नवादा थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह, नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार और डीआइयू के दारोगा संजय कुमार सिन्हा सहित अन्य शामिल थे।

# स्कॉर्पियो ने भाई-बहन समेत तीन लोगों को रौंदा, दो की मौत



**केटी न्यूज/आरा**

- जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मिढ्ढा टोला मोड़ के समीप गुरुवार की शाम की घटना
- इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल के दोनों ने तोड़ा दम

भोजपुर में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मिढ्ढा टोला मोड़ के समीप गुरुवार की शाम एक बेलगाम स्कार्पियो ने बाइक सवार तीन चचेरे भाई-बहन समेत को रौंद दिया। हादसे में दो की मौत हो गयी, जबकि तीसरी गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। बैंक से लौटते समय तीनों हादसे के शिकार हो गये। मृतकों में धनगाई थाना क्षेत्र के चकवा गांव निवासी नेसार अहमद की 22 वर्षीया पुत्री नेसरा अली और स्व.बिस्मिल्लाह खान का 21 वर्षीय पुत्र तौकीर खान शामिल थी। तौकीर खान मध्य प्रदेश में वेल्डर का काम करता था। वह अपनी चचेरी की शादी के लिए गांव आया था। जख्मी इम्तियाज खान की 20 वर्षीया पुत्री रोजी खातून है। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

इधर, हादसे के बाद लोग आक्रोशित हो उठे और जमकर हंगामा किया। मुआवजे और स्कॉर्पियो चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने सड़क जाम कर दी। टायर जला प्रदर्शन भी किया गया। इस कारण जगदीशपुर-बिहिया मार्ग पर करीब दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने पर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, बीडीओ राजेश कुमार, बिहिया थानाध्यक्ष उदय भानु सिंह और दारोगा राजकिशोर सिंह मौके पहुंचे। अफसरों ने समझा-बुझार कर लोगों को शांत कराया। उसके बाद का आवागमन बहाल किया जा सका।

**भाई बोला: बैंक से घर लौटते समय स्कॉर्पियो ने तीनों को रौंदा**

घटना के संबंध में शिक्षक नेयाज अहमद ने बताया कि उसकी बहन नेसरा अली का बैंक ऑफ इंडिया की बिहिया ब्रांच में खाता था। वह बंद हो गया था। उसी को खाते को दोबारा चालू कराने के लिए वह चचेरे भाई तौकीर खान और चचेरी बहन रोजी खातून के साथ बाइक से बिहिया स्थित बैंक गयी थी। शाम में तीनों अपने गांव लौट रहे थे। उसी दौरान मिढ्ढा तोला मोड़ के समीप पीछे से आ रही स्कार्पियो ने तीनों को रौंद दिया। स्थानीय लोग और परिजनों के सहयोग से तीनों को आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां नेसरा और तौकीर ने दम तोड़ दिया। जबकि उसकी चचेरी बहन रोजी खातून का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

**चचेरे भाई-बहन की मौत से घर में कोहराम:** मृत नेसरा अली एक भाई और एक बहन में छोटी थी। उसके परिवार में मां रुकसाना और बड़ा भाई नेयाज अहमद है। वहीं तौकीर खान अपने तीन भाई व तीन बहन में तीसरे स्थान पर था। तौकीर मध्यप्रदेश में वेल्डर का काम करता था। 7 फरवरी को उसकी चचेरी बहन तमन्ना की शादी थी। उसी की शादी में शामिल होने वह गांव आया था।

## 48 लाख की आबादी को खिलायी जाएगी दवा, आशा के सामने करें दवा का सेवन: डॉ हक

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का आगाज आज से

**केटी न्यूज/गया**




जिला में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 फरवरी से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के तहत दवा का सेवन कराया जायेगा। फाइलेरिया एक गंभीर रोग है। इस रोग के होने से व्यक्ति के हाथ, पैर या जननांग में सूजन आ जाती है। सूजन के कारण हाथीपांव हो जाता है। पुरुषों में हाइड्रोसील बढ़ने की समस्या होती है। हाथीपांव का इलाज नहीं किया जा सकता। जबकि हाइड्रोसील को सर्जरी के माध्यम से इलाज किया जाता है। हाथीपांव से प्रभावित व्यक्ति उम्रभर के लिए विकलांगता का शिकार हो जाता है। उसके प्रभावित अंगों में हमेशा दर्द रहता है और वह सामान्य व्यक्ति की तरह काम नही कर पाता है। यह बातें जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ एमई हक ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान से पूर्व वृहस्पतिवार को सदर अस्पताल स्थित सिविल सर्जन कक्ष में आयोजित मीडिया कार्यशाला के दौरान कही। सीफार के सहयोग से जिला वेक्टर बॉर्न नियंत्रण विभाग द्वारा आयोजित मीडिया कार्यशाला में विश्व स्वास्थ्य संगठन, केयर इंडिया, पीसीआई, पीरामल आदि सहयोगी संस्थाओं के साथ मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

डॉ एमई हक ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए एमडीए अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के दौरान फाइलेरिया संभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को दवा दी जाती है। जिला में चलने वाले इस अभियान के दौरान लोगों को दो प्रकार की दवा दी जायेगी जिसमें अल्बेंडाजोल और डीईसी शामिल हैं। इन दवाओं की शरीर में मौजूद फाइलेरिया परजीवी को समाप्त करने में अहम भूमिका होती है। केंद्र सरकार के फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्यों को देखते हुए बिहार में एमडीए अभियान की शुरूआत की जानी है। वर्ष 2030 तक फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### गया जिला में तैयार की गयी है दो हजार टीम

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी ने बताया कि जिला में दो हजार टीम तैयार की गयी है। इसमें दो स्वास्थकर्मी दवा सेवन कराने का काम करेंगे। अभियान के दौरान 200 सुपरवाइजर होंगे। जिला के सात लाख 71 हजार 313 घरों को कवर किया जायेगा। दवा सेवन के लिए 48 लाख 44 हजार 936 आबादी को लक्षित किया गया है। अभियान 14 दिनों तक चलेगा। उन्होंने बताया कि दवा सेवन से किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता है। यदि दवा सेवन के बाद सरदर्द, उल्टी और बुखार जैसी परेशानियां होती है तो यह फाइलेरिया संक्रमण का संकेत है। दवा खाने के बाद आपके शरीर में मौजूद फाइलेरिया कृमि के मरने के कारण यह प्रतिक्रिया हुई थी। अगली बार दवा खाने पर ऐसी प्रतिक्रिया नहीं होने की संभावना है। दवा का सेवन स्वास्थ्यकर्मियों के सामने की करना है।





महात्मा गांधी

कोई कायर प्यार नहीं कर सकता है, यह तो बहादुर की निशानी है।



## खबरें फटाफट

### दूसरी बार शराब पीने के आरोप में पकड़ाया युवक

**डुमरांव।** नगर के दक्षिण टोला मुहल्ले के जनार्दन राम नामक युवक को शराब की लत महंगी पड़ी है। पुलिस ने उसे दूसरी बार शराब के नशे में पकड़ा है। मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार वह शराब के नशे में धूत हो अपने मुहल्ले में हंगामा कर रहा था। किसी ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर मेडिकल जांच करवाया। जहां शराब पीने की पुष्टि हुई। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि वह दूसरी बार शराब पीते पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि उसे जेल भेज दिया गया है।

### महिला के साथ गाली-गलौज, तीन पर केस दर्ज

डुमरांव। डुमरांव के चौक रोड मोहल्ले में एक महिला के साथ गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में महिला माधुरी सिंह ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर चतुरशालगंज डुमरांव के रहने वाले जितेंद्र यादव, बीरेंद्र यादव और लालू यादव सहित पांच अन्य अज्ञात के खिलाफ आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। पीड़िता ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि नामजद आरोपी मेरे दरवाजे पर आ धमके और गाड़ी से धक्का लगने की बात कह मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज करने लगे। जाते-जाते वे जान से मारने की भी धमकी दी। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। संवाद संप्रेषण तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी।

### 318 लीटर जब्त महुआ शराब का किया गया विनष्ट

**नावानगर।** नावानगर थाना परिसर में गुरुवार को पिछले कई कांडो में जब्त 318 लीटर महुआ शराब को विनष्ट किया गया। साथ ही प्लास्टिक की गैलेन को आग के हवाले कर दिया गया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार राय ने बताया कि कुल 9 कांडों में यह शराब जब्त किया गया था। शराब विनष्टिकरण के लिए प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट सह सीओ अजीत कुमार सिंह की उपस्थिति में इसे विनष्ट किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए सीओ अजीत कुमार ने बताया कि नावानगर थाना में 9 कांडों में जब्त 318 लीटर महुआ शराब को थाना परिसर में गड्ढा खोद उसी में बहाकर विनष्ट कर दिया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय समेत थाना के सभी कर्मी एवं चौकीदार मौजूद थे।

# टमाटर का बंपर उत्पादन बना सिरदर्द, बाजार नहीं मिलने से खेतों में छोड़ रहे किसान

- टमाटर के भाव से अधिक लग रहा है मजदूरी
- इस बार रिकार्ड स्तर पर हुआ है टमाटर का उत्पादन

**केटी न्यूज/डुमरांव**





डुमरांव में इस बार टमाटर का उत्पादन बंपर पैमाने पर हुआ है। लेकिन यह बंपर उत्पादन किसानों के लिए मुसीबत बन गया है। बाजार में टमाटर के भाव नहीं मिलने से किसान उसे खेत में छोड़ने को मजबूर हो रहे है। किसानों की मानें तो उन्हें टमाटर को खेतों से तुड़वाने तथा बाजार तक पहुंचाने में आने वाला ढुलाई खर्च भी नहीं निकल पा रहा है। जिस कारण वे टमाटर को खेतों में ही छोड़ रहे है। किसानों की मानें तो थोक मंडी में टमाटर का भाव एक रूपए प्रति किलो मिल रहा है। जिससे लागत भी निकलना मुश्किल हो रहा है। बता दें कि पिछले एक पखवाड़े से ठंढ में कमी आने तथा चटक धूप निकलने के बाद से टमाटर का उत्पादन बढ़ गया है। जबकि उसका भाव गिर गया है। अनुमंडल के सबसे बड़े सब्जी मंडी नया भोजपुर और धरहरा में टमाटर उत्पादक किसानों की मायूशी हर दिन देखने को मिल रही है। हालांकि यहां से उत्तर प्रदेश, झारखंड, बंगाल तथा उड़ीसा के मंडियों के थोक सब्जी व्यवसायी भी टमाटर की बड़ी खेप लेकर जा रहे है। भले ही उन्हें वहां इसके अच्छे भाव मिल रहे है। लेकिन स्थानीय स्तर पर टमाटर का मोल नहीं रह गया है। जिस कारण किसान काफी परेशान है।

### बड़े पैमाने पर होती है टमाटर की खेती

अनुमंडल इलाके में बड़े पैमाने पर टमाटर की खेती की जाती है। डुमरांव के साथ ही सिमरी प्रखंड, ब्रह्मपुर तथा चक्की प्रखंड के एक बड़े हिस्सें में हजारों हेक्टेयर में टमाटर की खेती की गई है। यहां उत्पादित टमाटर अपने स्वाद व गुणवत्ता के लिए सूबे की बड़ी मंडियों के साथ ही झारखंड, यूपी, बंगाल आदि मंडियों में विख्यात है। यही कारण है कि दूसरे प्रदेश के सब्जी व्यवसायियों को यहां के टमाटर के बाजार में आने का इंतजार रहता है। लेकिन सरकारी संरक्षण व मंडी के अभाव में स्थानीय किसान व्यवसायियों व बिचौलियों के हाथों अपने टमाटर को औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर हो रहे है।

### किसान बोले, खेती से हो रहा मोहभंग

धरहरा के किसान रामाशंकर कुशवाहा, कृष्णाब्रह्म के मनोज कुमार, डुमरांव के संजय सिंह, सिमरी के सुरेन्द्र यादव सरीखे किसानों का कहना है कि इस बार टमाटर का उत्पादन पिछले सालों की मुकाबले बहुत अच्छा हुआ है। यही कारण है कि बाजार में इसके भाव गिर गए है। किसानों ने कहा कि भाव नहीं मिलने से अब किसान खेतों में अपना टमाटर छोड़ रहे है। कई किसान तो टमाटर के पौधों को उखाड़ दूसरे फसलों की बुआई कर रहे है। किसानों का कहना है कि उन्हें सरकारी स्तर पर न तो संरक्षण मिलता है और न ही उत्पादित फसल को उचित मूल्य पर खरीदने की व्यवस्था है। जिस कारण खेती पिछड़ रही है तथा किसानों का खेती से मोहभंग हो रहा है।

## नासुर बन गई है मेन रोड और रेलवे स्टेशन रोड में जाम की समस्या, नहीं हो पा रहा समाधान

# डुमरांव की मुख्य सड़क पर पूरे दिन लगा रहा जाम, हर रोज परेशान होते रहते हैं लोग

**केटी न्यूज/डुमरांव**





डुमरांव में जाम की समस्या गंभीर हो गई है। गुरूवार को भी शहर के रेलवे स्टेशन के साथ ही बाजार में पूरे दिन जाम लगा रहा। जिस कारण लाखों का व्यवसाय बाधित हुआ। जाम के कारण स्कूली छात्रों तथा यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हलांकि यह एक दिन की समस्या नहीं है बल्कि दशकों से डुमरांव में जाम की समस्या नासूर बनी हुई है। लेकिन शासन प्रशासन की उदासीनता से इस पर लगाम नहीं लगाया जा रहा है। बताया जाता है कि शहर की आबादी पिछल एक दशक में दुगनी हो गई है वही वाहनों की संख्या भी पहले के अपेक्षा बहुत अधिक बढ़ गई है। इस मुकाबलें सड़कों की चौड़ाई एक इंच भी नहीं बढ़ी है। अलबत्ता जाम के चलते कई जगहों पर इसकी चौड़ाई कम हो जा रही है। इन्हीं कारणों से हर दिन जाम लग रहा है।

**रेलवे स्टेशन के पास गंभीर हुई समस्या:** रेलवे स्टेशन के मुख्य निकास द्वार के पास अतिक्रमण से प्रतिदिन भयंकर जाम लग रहा है। इस चलते रेल यात्रियों को प्लेटफार्म तक आने जाने में परेशानी हो रही है। कई बार तो जाम के चलते टेज्न तक छूटने की नौबत आ जाती है। अतिक्रमण से निजात दिलाने में रेल प्रशासन करवाई नहीं कर रहा। जानकार बताते हैं कि स्टेशन पर तैनात आरपीएफ व जीआरपी के इशारे पर सड़क के दोनों किनारे ठेला टेंपो और चाय नाश्ता की दुकान लगाई जाती है। आरपीएफ के साथ ही लोकल प्रशासन तथा नगर परिषद प्रशासन भी इस मसले पर चुप्पी साध बैठा है। इस संबंध में स्टेशन प्रबंधक सचिन्द्र कुमार ने बताया कि पूछताछ के पास सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखने का निर्देश आरपीएफ एवं जीआरपी को दिया गया है।

**शहर में पूरे दिन लगा रहा जाम**

दूसरी तरफ डुमरांव शहर में गुरूवार को पूरे दिन जाम लगा रहा। जाम के दौरान स्कूली बस फंसे थे। जिसमें नन्हें मुन्नें बच्चों को छुट्टी के बाद भूख प्यास से बिलबिलाना पड़ा था। मुख्य पथ स्टेशन रोड के साथ ही नया तालाब रोड, राजगोला रोड, चौक रोड तथा साफाखाना रोड भी जाम से जूझता रहा। जिसका असर यहां के व्यवसाय पर भी पड़ा। बता दें कि गुरूवार को डुमरांव का सप्ताहिक बाजार है। लेकिन भयंकर जाम के चलते बाहर से आने वाले व्यवसायी मुख्य मंडी राजगोला में जाने से कतरा रहे थे। गौरतलब है कि डुमरांव में बाईपास सड़क के अभाव व अतिक्रमण के चलते हर दिन जाम लग रहा है। हालांकि बाईपास सड़क के लिए स्थल चिन्हित कर लिया गया है। लेकिन निर्माण प्रक्रिया शुरू नहीं होने से निकट भविष्य में जाम से निजात मिलने की उम्मीद नहीं दिखाई पड़ रही है। यही कारण है कि अब बाहर के व्यवसायी भी डुमरांव आने से परहेज कर रहे हैं। जिसका सीधा असर यहां के व्यवसाय पर पड़ रहा है। जबकि स्थानीय प्रशासन इस दिशा में चुप्पी साधें हुए है। इस दिशा में अब तक कोई पहल नहीं हुई है। नगर परिषद की ओर से की गई बैरिकेडिंग भी जाम का एक बड़ा कारण है।

### साइबर अपराधियों ने युवक के खाते से उड़ाये 95 हजार

**डुमरांव।** साइबर अपराधियों के हर रोज नये कारनामों से पुलिस हलकान बनी है तो वहीं खाताधारकों के खाते से बड़ी राशि का चूना लगने से खाताधारक भी हताश व परेशान हो जाते है तथा क्षणभर में जीवनभर की गाढ़ी कमाई से हाथ धो बैठते है। ऐसा ही एक मामला नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर के रहने वाले एक युवक के साथ हुआ।

साइबर अपराधियों ने युवक के खाते से ऑनलाइन 95 हजार की राशि निकासी कर ली है। जब युवक के मोबाइल पर इसका मैसेज आया तो वो हक्का-बक्का रह गया तथा उसके पैरों तले की जमीन खिसक गई। पीड़ित अशोक चौरसिया का पुत्र ओमप्रकाश बताया जाता है। इस मामले में पीड़ित युवक ने इसकी सूचना बैंक शाखा और स्थानीय पुलिस को दी है। पुलिस युवक के लिखित बयान पर मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू में जुट गई है। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है।

गौरतलब है कि आए दिन ऐसी घटनाएं अनुमंडल क्षेत्र में देखने को मिल रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा साइबर अपराधियों से बचने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाता है। बावजूद साइबर अपराधियों द्वारा अक्सर नए-नए हथकंडे अपना लोगों को अपना शिकार बनाया जा रहा है।

## लोजपा रामविलास संसदीय बोर्ड का संगठन विस्तार करन चौबे को बनाया गया बक्सर का जिला उपाध्यक्ष

**केटी न्यूज/बक्सर**

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला कार्यालय मे संसदीय बोर्ड प्रकोष्ठ का संगठन विस्तार को लेकर बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता लोजपा रामविलास संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष ठाकुर भानुशंकर सिंह ने व संचालन सूर्य प्रताप ने किया। बैठक में मुख्य अतिथी के रूप में बक्सर लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी अखिलेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। बैठक में संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष ठाकुर भानुशंकर सिंह ने संगठन विस्तार करते हुए संसदीय बोर्ड बक्सर का जिला उपाध्यक्ष पद पर करन चौबे, दिपक सिंह व सूर्य प्रताप को जिला महासचिव उपेंद्र कुमार, गोलु सिंह चौम्प, बक्सर प्रखंड अध्यक्ष अनुराग पांडेय, चौगाई प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, नावानगर प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र राम, ब्रह्मपुर प्रखंड अध्यक्ष अविनाश ओझा, इटाढ़ी प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार भारती, राजपुर प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता, डुमरांव प्रखंड अध्यक्ष रितेश कुमार, केसठ प्रखंड अध्यक्ष चंदन दुबे, चक्की प्रखंड अध्यक्ष अनिल चौबे, सिमरी प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार, चौसा प्रखंड अध्यक्ष गुडु मिश्र, बक्सर नगर अध्यक्ष रविरंजन कुमार को मनोनित किया। इस दौरान अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने सभी मनोनीत पदाधिकारीयों को बधाई दिया और साथ ही सभी पदाधिकरी को निर्देश दिया कि चिराग पासवान का विजन बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए पंद्रह दिन के अंदर पंचायत अध्यक्ष का गठन करके सूची समर्पित करें।

## जेईई सेशन वन में सोवां के समीर राज को 99.09 परसेंटाइल अंक



**कृष्णाब्रह्म।** सोवां गांव निवासी ई भरत गुप्ता के पुत्र समीर राज ने अपने पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए जेइइ मेन सेशन वन की परीक्षा में 99.09 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उसने ऐसा कर गांव के साथ ही जिला का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम आने के बाद से ही उसके परिजन गौरवान्वित है। खास यह कि समीर ने पहले प्रयास में ही यह सफलता पाई है। समीर की इस सफलता से पूरे परिवार में खुशी व्याप्त है। समीर को उनकी सफलता पर बधाई देने वाले का तांता लगा हुआ है। उसने अपनी सफलता का श्रेय पिता और माता सोनी देवी, बड़े पापा गोपाल गुप्ता, बड़े भाई वीरेंद्र गुप्ता और चाचा अधिवक्ता गनपति गुप्ता को दिया है। समीर की मानें तो वह कंप्यूटर साइंस से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर कंप्यूटर इंजिनियर बनना चाहता है।

## एक नजर

### एग्रो बिहार एवं किसान पाठशाला में भाग लेने किसानों का जत्था रवाना



**केसठ।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा बक्सर के तत्वावधान में राज्य के अंदर एक दिवसीय परिभ्रमण कार्यक्रम के तहत केसठ से 30 महिला व पुरुष किसान एग्रो बिहार एवं किसान पाठशालाह्व पटना गांधी मैदान में भाग लेने के लिए रवाना हुए। जहां कृषि यंत्र से संबंधित मेला का भी आयोजन किया गया है। इस दौरान किसानों को वहां उपस्थित वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्र से परिचित कराने के साथ ही उनके उपयोग तथा होने वाले लाभ को बताया गया। किसानों को कृषि उपकरणों की खरीद पर राज्य सरकार से मिलने वाले अनुदान के बारे में भी बताया गया। ताकि किसान इन यंत्रों के माध्यम से खेती करने में अहम भूमिका निभा सके। इस परिभ्रमण में किसानों को कृषि यंत्र के बारे में एवं कृषि की नई तकनीक से संबंधित कई तरह की जानकारियां दी गई है। देर शाम किसानों का जत्था पटना से लौट आया है। परिभ्रमण में शामिल होने वाले किसानों ने इसे काफी ज्ञानवर्द्धक व रोचक परिभ्रमण बताया। किसानों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से उन्हें कृषि की नई तकनीकी के साथ ही नयें-नयें उपकरणों के बारे में भी जानकारी मिल रही है। मौके पर बीटीएम डॉ प्रफुल्ल कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### विद्यालय शिक्षा समिति सदस्यों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के मध्य विद्यालय नावानगर में गुरुवार से विद्यालय शिक्षा समिति सदस्यों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। जिसमें सात स्कूलों के शिक्षा समिति के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रशिक्षणकर्ता रेनू देवी एवं रामकली देवी ने शिक्षा समिति के कार्य एवं उनके दायित्व को विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही विद्यालय विकास योजना से संबंधित जानकारी दी गई। जिसमें विद्यालय की ससमय संचालन, गुणात्मक एवं सफल शिक्षा प्रदान करने समेत अन्य था। प्रशिक्षणकर्ता रेनू देवी ने बताया कि बिहार शिक्षा परियोजना के तहत शिक्षा समितियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण गैर आवासीय है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में मध्य विद्यालय नावानगर, मध्य विद्यालय अमीरपुर, उर्दू मध्य विद्यालय नावानगर आदि के प्रधानाध्यापक, शिक्षा समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों को उनके दायित्व एवं कार्य की जानकारी दी जा रही है। यह प्रशिक्षण 11 फरवरी को संपन्न होगा।

## युवा पीढ़ी का लोक गायन विधा से हो रहा मोह भंग, वलगरता से दूर पारंपरिक फाग गायन से मिटती थी दिलों की दूरियां

# आधुनिकता के दौर में फीका पड़ रहा पारंपरिक फाग का राग

**प्रेम कुमार वर्मा/बक्सर**



बारहमासा पुरबिया संस्कृति में एक रचा बसा शब्द है। घर में किसी मांगलिक कार्य को लेकर या पर्व त्यौहार आने पर लोक धुनों से सजी हुई सुमधुर गीतों की प्रस्तुति की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इसी में बसंत ऋतु के आगमन के साथ जब फागुन मास का शुभारंभ होता है तो फगुआ गायन की परंपरा से गांव या नगर के चट्टी चौपाल गुलजार हो जाते हैं।

आपसी एकता तथा भाईचारगी को लेकर एक साथ बैठकर सामूहिक फगुआ के गायन की परंपरा बसंत पंचमी बीतने के बाद ही होलिका के लिए रेड़ के पौधे, पान, सुपारी व मुद्रा के साथ गाड़ कर होलिका स्थल के निर्माण के साथ ही फगुआ गायन की परंपरा शुरू हो जाती है। लेकिन वर्तमान परिवेश में गौर किया जाए तो फाग गायन आधुनिकता के दौर में उपेक्षित पड़ता हुआ नजर आ रहा है। यहां तक कि अब इस गायन विधा में युवाओं में भी रुचि नहीं देखने को मिल रही है। जो कभी चौपालों पर बड़े बुजुर्ग होली, फगुआ, धमार, चहका, कबीरा आदि गाकर होली के आगमन का 1 माह पूर्व स्वागत करते थे। जिसमें श्री राधा कृष्ण के प्रेम प्रसंग, श्री राम की बाल लीलाओं के साथ-सथ श्रृंगार और बिरह का पुट होने के साथ साथ देवी देवताओं की लीलाओं का एक प्रसंग होता था।

किंतु बदलते दौर के साथ होली के गायन में भी अश्लीलता का समावेश सस्ती लोकप्रियता पाने वाले गायकों द्वारा किया जाना इस पवित्र गायन परंपरा को कलंकित कर दिया है। इस बात पर चिंता जाहिर करते हुए होली गायन परंपरा से व्यास सुशील कुमार राय ने बताया कि एक समय था कि अपने चौपाल पर या दरवाजे पर होली गाने के साथ ही गांव के बड़े बुजुर्ग के साथ-साथ युवाओं की टोली एक साथ बैठती थी और फगुआ का सामूहिक गायन खूब जमकर होता था। दरवाजे पर गुड़ की मिठास के साथ फाग गाकर अपनी स्वरलहरियों से वातावरण में मिठास घोलने का काम करते थे। इससे आपसी एकता भाईचारे के साथ-साथ लोग एक दूसरे के दुख दर्द को भी भली-भांति बांटते थे।

वलगरता से दूर यह पारंपरिक फाग गायन दिलों के दूरियों को मिटाने के साथ ही सामाजिक समरसता के रंग को चटक करता था। लेकिन अब इस आधुनिक दौर में आपसी प्रेम तथा सौहार्द्र का प्रतीक फगुआ गायन में अब युवाओं की भी रूचि कम हो गई है। जिससे गांवों में भी अब पारंपरिक फाग गायन की परंपरा मिटते जा रही है।

## खबरें फटाफट

### ट्रेन से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल

**गाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे दानापुर डीडीयू रेलखंड के गहमर व भदौरा रेलवे स्टेशन के मध्य बकैनिया गांव के समीप एक अज्ञात अधेड़ महिला पैसेंजर ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची गहमर पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा में भर्ती कराया। घायल महिला की स्थिति गंभीर होने की वजह से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। बता दें कि डाउन ईएमयू सवारी गाड़ी से गुरुवार को एक अज्ञात 55 वर्षीय महिला बकैनिया व देवकली गांव के बीच ट्रेन से गिर जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों द्वारा इसकी सूचना 108 न0 एंबुलेंस को देकर घायल को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा में भर्ती कराया गया। जहां घायल को प्राथमिक उपचार के बाद महिला की स्थिति नियंत्रण से बाहर होने की वजह से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना के बाद गहमर पुलिस अस्पताल पहुंचकर पहचान का प्रयास की, लेकिन कोई सफलता नही मिल पाई। महिला को गंभीर चोट आने की वजह से वह कुछ भी स्पष्ट नहीं बता पा रही थी। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक गहमर पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि घायल के पास से कोई भी पहचान पत्र न मिलने व घायल द्वारा कुछ भी स्पष्ट नहीं बताने के कारण घायल महिला की पहचान नहीं की जा सकी है।

### कारोबारी को लाठी डंडे से पीटकर किया जख्मी

**गाजीपुर।** गहमर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बारा गांव में दुकान से घर जा रहे दुकानदार पर दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित द्वारा गहमर थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। गहमर थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी साहेब कुरैशी पुत्र जहांगीर कुरैशी ने गहमर थाने में तहरीर दिया कि बुधवार की रात्रि आठ बजे वह अपनी दुकान से घर जा रहा था। बीच रास्ते में गांव के ही सुल्तान कुरैसी, फुरकान कुरैशी पुत्रगण निजाम कुरैशी, साहेब कुरैशी पुत्र समीम आदि लोग उसे और उसके भाई सलाम कुरैशी को मारने -पीटने लगे। इससे पूर्व में भी यह लोग इनको बिना कारण ही गाली गुप्ता दे रहे थे और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। बुधवार की शाम जब दोनों भाई अपनी दुकान बंदकर घर जा रहे थे। तब बीच रास्ते में इन लोगों ने गोलबंदी करते हुए इनके साथ मारपीट किया। इस संबंध में कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि बारा गांव में मारपीट की घटना हुई है। पीड़ित द्वारा तहरीर दी गई है।

### पेड़ से लटकते मिला युवक का शव, सनसनी

**मऊ।** हलधरपुर थाना क्षेत्र के अरदौना ग्रामपंचायत के मठिया टोला में बृहस्पतिवार की सुबह नीम के पेड़ से लटकते एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि अरदौना गांव के मठिया टोला निवासी वकील उर्फ.अनिल यादव ( 27 वर्ष) पुत्र श्रीराम यादव बुधवार की शाम 7:00 बजे घर से बाहर गया तो रात्रि तक वापस नहीं लौटा । रात्रि को खाना खाने के समय परिजनों ने उसे तलाशना शुरू किया, पर कहीं पता नहीं चला। उसके मोबाइल पर काल करने पर उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। इसके बाद परिजन अनहोनी की आशंका से आशंकित हो गए। किंतु रात्रि होने के कारण वे कुछ विशेष नहीं कर पाए।

# सरकार की योजना का लाभ हर गांव, मुहल्ला व पात्र व्यक्ति तक पहुंचेः मंत्री दयाशंकर

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के प्रभारी मंत्री आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की। स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली, पानी, शिक्षा व सड़क सम्बन्धी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जो भी प्रोजेक्ट जिले में चल रहे हैं, उनकी प्रगति में तेजी बनी रहे। समय-समय पर निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी ध्यान दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभाग की योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। दयाशंकर मिश्र ने कहा कि चिकित्सा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। यह सुनिश्चित कराए जाए कि मरीज को बाहर की दवा ना लिखी जाए। सड़क के संबन्ध में



लोनिवि के एक्सईएन को निर्देश दिया कि जहां सड़क निर्माण हो रहा हो उसकी गुणवत्ता को हमेशा देखते रहें। निर्धारित समय में कार्य पूरे हों। गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्था पर भी नजर रखी जाए। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया कि एक बार पूरे शहर की नालियों की सफाई अभियान चलाकर कराएं। शहर में सफाई का ध्यान रखें। कायाकल्प अभियान की जानकारी ली। बैठक में डीएम सौम्या अग्रवाल, एसपी राजकरण नैय्यर, सीडीओ प्रवीण वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, सीएमओ डॉ जयंत कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



**जिला अस्पताल का निरीक्षणः** मंत्री दयाशंकर मिश्र ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने बहादुरपुर मलिन बस्ती व प्राथमिक विद्यालय जिला बस्ती का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की जो योजना है, उसका लाभ हर गांव, मुहल्ला व पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री सभी वार्ड में गए। मरीजों से बातचीत कर उनको मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का स्थलीय सत्यापन किया। उन्होंने सीएमएस को निर्देश दिया कि अस्पताल में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। चादरें रोज बदली जानी चाहिए। सरकार को ओर से भी जो भी सुविधाएं अनुमन्य है, मरीजों को मिले। उन्होंने जिला प्रशासन को भी निर्देश दिया कि अस्पताल की सुविधाओं का हमेशा निरीक्षण का जायजा लेते रहा जाए, ताकि अगर कोई कमियां भी हो तो उसमें सुधार लाई जा सके।

### अधिकारी-कर्मचारी जनता के बीच जाएं:

मंत्री दयाशंकर मिश्र ने नगर के बहादुरपुर बिंद बस्ती का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि फरेब का कागज नहीं चलेगा। अधिकारी-कर्मचारी जनता के बीच जाएं। उनकी बात सुनें और योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचाएं। निरीक्षण के दौरान कुछ महिलाओं ने मंत्री को पेंशन नहीं मिलने संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। इस पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि समस्याओं का समाधान दो दिन में करके मुझे अवगत कराएं।

### एमडीएम को चखकर परखी गुणवत्ता

मंत्री दयाशंकर मिश्र ने प्राथमिक विद्यालय जिराबस्ती का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने क्लासरूम में जाकर बच्चों से बातचीत कर पठन-पाठन की गुणवत्ता को जाना। इसके बाद रसोईघर में जाकर वहां की व्यवस्था देखी। बच्चों के लिए बन रहे एमडीएम को चखा। निर्देश दिया कि एमडीएम की गुणवत्ता के प्रति हमेशा गंभीर रहेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीराम सिंह को निर्देश दिया कि विद्यालयों में लगातार भ्रमण कर बेहतर शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे।

### बलिया में मृतक व्यवसायी के परिजनों से मिले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री

# बाबा का बुलडोजर सिर्फ विरोधियों पर चलता है, समर्थकों पर नहीं: अखिलेश

**केटी न्यूज/बलिया**

विगत एक फरवरी को फेसबुक लाइव आकर सुदखोरों के आतंक को बयां करके आत्महत्या करने वाले असलहा व्यवसायी नन्दलाल गुप्ता के घर पहुंच कर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने स्व. गुप्त के तैल चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद मृतक नन्दलाल की पत्नी व परिजनों से मुलाकात कर अपनी पार्टी के समर्थन को दोहराते हुए आश्वस्त किया कि परिजनों के साथ हमेशा खड़े रहेंगे।

मीडिया से बात करते हुए कहा कि बैंको से कर्ज नहीं मिलने के बाद ही व्यापारी सुदखोरों के पास जाता है। बैंको से आसानी से कर्ज न मिलना, सरकार की नाकामी है। आरोपियों के घरों पर 72 घंटे का अल्टीमेटम देकर भी बुल्डोजर नहीं चलाने पर तंज कसते हुए कहा कि बाबा का बुलडोजर विरोधियों पर चलता है। कहा कि बीजेपी के लोग कहते है कि बुलडोजर न्याय दिलाता है तो फिर नन्दलाल गुप्ता को क्यों नहीं मिल रहा है। बाबा का बुलडोजर समर्थको पर नहीं चलता है। मृतक नन्दलाल गुप्ता की पत्नी को सरकारी नौकरी और 50 लाख की आर्थिक सहायता देने की मांग अखिलेश यादव ने की। कहा कि बैंको में पैसा भरा पड़ा है तो इन्हे जरूरत क्यों पड़ी सूदखोरों से लेने की। सूदखोरों का हिसाब किताब अलग है। आपको प्रताड़ित करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि सूदखोरी बीजेपी द्वारा चलाया हुआ कारोबार है। पूर्व सीएम ने तंज कसते हुए कहा कि इतना बड़ा कारोबार बिना बीजेपी के नेता और पुलिस के बिना नहीं चल सकता।







### बीजेपी को सूदखोरों से फायदा

सूदखोरों का हिसाब किताब बहुत अलग है, सूदखोर आपसे अधिक पैसा लेकर भी आपको प्रताड़ित करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि सूदखोरों का ऑर्गनाइजेशन बीजेपी द्वारा चलाया हुआ कारोबार है। लोगों से बात करने से पता चला है कि इससे बीजेपी के लोगों मुनाफा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि दोषियों के यहां भी बुलडोजर जाएक, जैसे उत्तर प्रदेश के अन्य जगहों पर बुलडोजर जा रहा है। अखिलेश ने कहा कि मृतक नंदलाल गुप्ता के गुनहगारों पर बुलडोजर कब चलाया जायेगा।

### चरम सीमा पर है अपराध

अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि सूदखोरी का कारोबार यदि इन्वेस्टर समिट में चला जायेगा तो याद रखना एक भी व्यापारी पैसा इन्वेस्टर में नहीं लगाएगा। इस सरकार में अन्याय चरम सीमा पर है और न्याय नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि बुलडोजर वहीं जायेगा, जहां बीजेपी चाहेगी। जहां वोट का लाभ होगा, बुलडोजर वहीं जाएगा न्याय के लिए बुलडोजर नहीं है। सूदखोरों पर अखिलेश ने कहा कि इतना बड़ा कारोबार बीजेपी के नेता और पुलिस के बिना नहीं चल सकता। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ता स्वर्गीय मनन दुबे के आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### पुलिस छावनी में तब्दील रहा नगर

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आगमन के मद्देनजर पूरा नगर पुलिस छावनी में तब्दील रहा। जनपद के 23 थाना के थाना प्रभारियों की ड्यूटी नगर के अलग-अलग चट्टी चौराहों पर लगी हुई थी। टीडी कालेज के मैदान में जहां हेलीपैड बना था वहां 150 जबकि हर चट्टी व चौराहों पर 20—20 कांस्टेबलों की तैनाती की गई थी। वहीं नंदलाल गुप्ता के घर के बाहर अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी व सीओ खुद मोर्चा संभाले हुए थे।

### दिग्गज नेताओं ने किया स्वागत

इस दौरान पूर्व मंत्री व सपा के महासचिव रामगोविंद चौधरी, पूर्व मंत्री अम्बिका चौधरी, पूर्व मंत्री नारद राय, विधायक संग्राम सिंह यादव, जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव, पूर्व विधायक सनातन पांडेय, पूर्व विधायक मंजू सिंह, पूर्व चेयरमैन संजय उपाध्याय, पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण गुप्त मौजूद रहे।



मृतक नंदलाल गुप्त के पीड़ित परिवार से मिलने के बाद जब प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हो रहे थे, ठीक उसी समय उनके वाहन का टायर पंक्चर हो गया। आनन-फानन में दूसरे वाहन से वह कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुए।

# मोटे अनाज की खेती करने वाले होंगे आर्थिक रूप से सुदृढ़ः दयालु

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र दयालु का बलिया जाते समय मुहम्मदाबाद के शाहनिन्दा व भांवरकोल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान मीडिया से बातचीत में दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि आयुष मंत्रालय मोटे अनाजों के संरक्षण तथा मोटे अनाजों की खेती करने वाले किसानों के आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित कर रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 2023 को मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। भारत सहित पूरे विश्व में मोटे अनाजों के संरक्षण एवं उनके उत्पादन पर जोर दिया जा रहा है। दयाशंकर मिश्रा दयालु ने गाजीपुर से अपने जुड़ाव को व्यक्त करते हुए गाजीपुर में स्थित संत कबीर एवं संत रविदास के गुरु रहे रामानंद जी की गद्दी जहां उनकी समाधि स्थित है उस पटना गांव के विकास के लिए रूपरेखा भी तैयार की है उन्होंने कहा कि गंगा तट पर अवस्थित गुरु रामानंद की गद्दी को पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से अत्यंत सुंदर एवं रमणिक बनाया जाएगा। मुहम्मदाबाद शहीद स्थल के विकास के परिपेक्ष में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार शहीदों एवं उनके परिजनों के लिए सदैव कार्य कर रही है तथा गाजीपुर ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश सहित पूरे भारत में अब शहीदों की कहीं उपेक्षा नहीं होगी क्योंकि प्रमुख स्थलों के नाम शहीदों के नाम पर ही रखे जा रहे हैं तथा शहीद स्मारक स्थलों का सुंदरीकरण भी कराया जाएगा। इससे आने वाली पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले सके।

# गाजीपुर में बोले सपा प्रमुख... भाजपा की डबल इंजन की सरकार पूंजीपति घरानों की संरक्षक है

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पूर्व मंत्री व समाजवादी पुरोधा स्व.कैलाश यादव की पुण्यतिथि पर उन्हीं द्वारा स्थापित सकरा गांव स्थित लुटावन महाविद्यालय में उनकी प्रतिमा का अनावरण मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने किया। उन्होंने स्व.कैलाश यादव की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें समाजवादी पार्टी का महान नेता बताया। कहा कि स्व. कैलाश यादव का राजनीतिक जीवन अत्यंत संघर्षपूर्ण था। वह अपने संघर्ष की बदौलत फर्श से अर्श तक पहुंचे। पार्टी को बढ़ाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। उनके साथ जुड़े तमाम संस्मरणों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी उनके योगदान को कभी भूल नहीं सकती।

वहीं भाजपा सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि बजट के साथ ही मंहगाई की मार पड़नी शुरू हो गई है। दूध मंहगा हो गया है। बढ़ते खाद्य एवं पेट्रोल पदार्थों की कीमत के चलते लोगों को अपनी गृहस्थी चलाना मुश्किल हो गया है। जनता को विश्वास हो चला है कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार पुंजीपति घरानों की संरक्षक हैं। पूंजीपति मित्रों को लम्बे लम्बे कर्ज देने देने वाली सरकार है। सरकार के बजट में मंहगाई को रोकने का कोई उपाय नजर नहीं आ रहा है।



### पिछड़ों दलितों के आरक्षित पद खत्म कर रही सरकार

उन्होंने कहा कि सरकार साजिश के तहत पिछड़ों दलितों के आरक्षित पद खत्म कर रही है। प्रदेश में पिछले वर्षों में हुई नियुक्तियों में भाजपा सरकार ने पिछड़े और दलितों को उनका हक नहीं दिया। 69 हजार शिक्षकों की भर्ती में बड़े पैमाने पर अनियमितता हुई। पिछड़ों को उनका हक नहीं मिला। प्रदेश में विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति में भी दलितों और पिछड़ों को उनका हक नहीं मिला। समाजवादी पार्टी पिछड़ों और दलितों के साथ हो रहे अन्याय और भेदभाव को खत्म करने के लिए जातीय जनगणना की मांग करती है।

### इंवेस्टर्स समिट के नाम पर जनता को ठग रही सरकार

कहा कि भाजपा सरकार इंवेस्टर्स समिट के नाम पर जनता को धोखा दे रही है। कहा कि सरकार बताए, पिछले निवेशक सम्मेलन में कितना निवेश आया और कितना निवेश जमीन पर उतरा और कितने लोगों को रोजगार मिला। कार्यक्रम में जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद अरविंद कु सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलराम यादव, दुर्गा प्रसाद यादव, अम्बिका चौधरी, चौधरी लालता प्रसाद निषाद, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य राजेश कुशवाहा,जै किशन साहू, विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे।

## विधायक प्रतिनिधि ने मां कामाख्या धाम के गेट के सुंदरीकरण व सड़क निर्माण के गुणवत्ता की जांच की



**गाजीपुर।** पूर्वांचल का प्रसिद्ध शक्तिपीठ के रूप में विख्यात मां कामाख्या धाम के गेट का हो रहा सुंदरीकरण एवं सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच जमानिया विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह ने गुरुवार को किया। तहसील क्षेत्र में मां कामाख्या का मंदिर पूर्वांचल के प्रसिद्ध शक्तिपीठ के रूप में विख्यात है। देश- विदेश से यहां हर वर्ष लाखों लोग मां के दरबार में शीश नवाकर अपने परिवार की सुख शांति एवं समृद्धि की कामना करते हैं। मंदिर पर जाने के लिए ताड़ीघाट बारा मुख्य मार्ग से जा रही सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। जिस पर जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह ने पहल करते हुए इसे लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कार्य कराए जाने का प्रस्ताव रखा था। जिस पर कार्यदाई संस्था द्वारा करीब 800 मीटर तक की सड़क को समतली और चौड़ीकरण करते हुए बेहतर ढंग से बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है साथ ही मंदिर के मुख्य द्वार को रंगाई पुताई करा कर उसको भव्य स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। गुरुवार की दोपहर विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह ने वहां पहुंचकर चल रहे कार्यों की औचक निरीक्षण करते हुए उसके गुणवत्ता की जांच की। मन्नू सिंह ने बताया कि हमारा प्रयास है की मां कामाख्या का मंदिर एक अच्छे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो।

# मंत्री दयाशंकर बोले... नए भारत के लिए यह ऐतिहासिक बजट है

**केटी न्यूज/बलिया**

प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालू ने अमृत काल बजट बजट संगोष्ठी के अवसर पर सरकार द्वारा पारित बजट की बारीकियों पर चर्चा करते हुए कहा कि यह बजट नए भारत के लिए ऐतिहासिक बजट है। अपना देश कृषि प्रधान देश है जिसे देखते हुए कृषि के क्षेत्र मे ऋण के लिए 20 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान है। देश मे आदिवासी समाज भी बड़ी संख्या में है जिनमें 12 जातियों को जो विशेष दर्जा मिलना चाहिए था जो अब तक नहीं मिला था उसके लिए सरकार काम कर रही है, आदिवासी समाज के लोगों के लिए न पानी की व्यवस्था थी न मकान की,न शिक्षा की व्यवस्था थी इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इनके लिए भी 15 हजार करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

तकनीकी के क्षेत्र में आज 5 जी में भारत लीड कर रहा है। भारत ने जो तकनीकी विकास किया है, वह सबके सामने है। तकनीकी का उपयोग करना चाहिए। बजट में विश्व कर्मा एक नया प्रयोग है। हाथ से काम करने वालो को विश्व कर्मा के दायरे में लाकर सरकार संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। कुछ लोग सिर्फ आलोचना के लिए आलोचना करते हैं। हम 21 वी सदी का सपना पूरा कर रहे हैं। भारत विकसित राष्ट्र बने, इसके लिए यह समावेशी विकास का बजट है। बुजुर्ग माताओं के कर में छूट,युवाओं के लिए कौशल विकास,गरीबों के लिए आवास के 66 प्रतिशत वृद्धि हुई।

### समाज के लिए कलंक है सूदखोरी: मिश्र

**बलिया।** बलिया में शस्त्र व्यवसाई की आत्महत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। 12 नामजद में आठ की गिरफ्तारी हो चुकी है। गुरुवार को मृतक नंदलाल गुप्ता के परिजनों से मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु मिलने पहुंचे। मंत्री दयाशंकर मिश्र ने मृतक के परिजनों से मिलने के बाद मीडिया से कहा कि सूदखोरी, ब्याज खोरी किसी समाज के लिए कलंक है। किसी अपराधी को उत्तर प्रदेश में बख्शा नहीं जाएगा। समाज, जिला इस घटना से मर्माहत है। सरकार और प्रशासन की तरफ से जो मदद होगी, वो परिजनों की करेंगे। मंत्री ने कहा आठ लोग पकड़े गए हैं। कोई भी बख्शा नहीं जाएगा।